# कार्यालय:: प्राचार्य, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतलाम

(नैक द्वारा मूल्यांकित ग्रेड "A")

स्टेशन रोड थाने के पास, रतलाम (म. प्र.) E-mail : heggcrat@mp.gov.in


क्रमांक 2296/2025 रतलाम, दिनांक 28.10.2025

## विज्ञप्ति

महाविद्यालय के कार्यालयीन कार्यो के लिए जनभागीदारी मद से कम्प्यूटर ऑपरेटर पद हेतु आवेदन पत्र दिनांक 13.11.2025 तक आमंत्रित किये जाते है।

न्यूनतम अर्हतायें-

1. किसी भी विषय में न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।
2. मान्यता प्राप्त संस्थान से PGDCA/DCA होना अनिवार्य है।
3. हिन्दी एवं अंग्रेजी टायपिंग का ज्ञान होना आवश्यक है साथ ही एम.एस. ऑफिस पर कार्य करने का अनुभव होना।
4. मानदेय- जनभागीदारी मद से प्रतिमाह 13000/- देय होगा।
5. किसी भी संस्था में कार्य करने का अनुभव होना आवश्यक है।

चयन – साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षण के आधार पर महाविद्यालय द्वारा गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

आवश्यक शर्ते:-

1. यह पद पूर्णत: अस्थायी है, किसी भी दशा में लोकसेवक की श्रेणी में नही होगा एवं बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय आमंत्रण समाप्त किया जा सकेगा।
2. चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त दायित्वों का असंतोषजनक निर्वहन होने पर या अनुशासनहीनता की स्थिति में पद से हटाये जाने का अधिकार प्राचार्य का रहेगा। प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।
3. आवेदन पत्र के लिफाफे पर पद का नाम अनिवार्य रूप से लिखे एवं आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट या स्वयं कार्यालय के आवक-जावक में जमा कर पावती प्राप्त कर सकते है।
4. कम्प्यूटर ऑपरेटर को प्रतिदिन कार्यालयीन समय सुबह 10:30 से 05:30 सायं तक नियमित रूप से उपस्थित होना होगा।
5. कार्य प्राचार्य के मार्गदर्शन में करना होगा।
6. आवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करें। इस हेतु विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट https://highereducation.mp.gov.in/ पर उपलब्ध है।
7. शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य योग्यता आदि की छायाप्रतियों के साथ आवेदन दिनांक 13.11.2025 सायं 05.30 तक महाविद्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
8. तीन दिवस तक बगैर सूचना के लगातार अनुपस्थित होने पर सेवाऐं स्वत: समाप्त मानी जावेगी।

प्रभारी
जनभागीदारी समिति

प्राचार्य
प्राचार्य
शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
रतलाम (म.प्र.)

पृ. क्रमांक /2025 रतलाम, दिनांक 28.10.2025

प्रतिलिपि-

1. प्रभारी आईटी सेल आयुक्त, कार्यालय, उच्च शिक्षा, सतपुडा भवन, भोपाल कृपया निविदा को विभागीय वेबसाईट में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

प्रभारी
जनभागीदारी समिति

प्राचार्य
प्राचार्य
शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
रतलाम (म.प्र.)